October, 2021 issue

# IKMG पत्रिका



IKMG LTD
Connecting people who care.

## 4th edition
## नवरात्रि विशेष

# Core Members



## Raj Khanna

Founder Chairman - IKMG

*+44 7973386826*



# Rakesh Tandon

Patron

*+91 9839211697*



## Akhil Tandon

Director

+91 8853000168



## Dinesh Tandon

Director & Caretaking President - Kanpur

+91 7309121921



## Kunu Tandon

Director & President – Kannauj

+91 9450046636



## Manisha Mehrotra

Director & President – Meerut

+91 7351833317

*Directors listed in alphabetical order*



## Mukul Varma

Director

+91 9935246412



## Paras Tandon

Director

+91 9616940402



## Varun Mehrotra

Director

+91 8840760368

*Directors listed in alphabetical order*



## Aditi Mehrotra

President - Youth Wing

+91 8795426426



## Anamika Khanna

President - Hongkong

+852 93252274



## Anirudh Khanna

President - Germany

+49 15254383319



## Gaurav Mehrotra

President - USA

+1 6788344405



## Kanhaiya Mehrotra

President – Canada

+91 9411114424



## Mala Mehrotra

President - Vrindavan & Mathura

+91 9690272453

*Presidents listed in alphabetical order*



## Mita Kakkar

President - Jaipur

+91 9602606226



## Neha Kapoor Mehrotra

President - Pilibhit

+91 9457534973



## Nishu Mahendra

President - Noida

+91 9911437041



## Prachi Kapoor

President - Mumbai

+91 9769215340



## Priti Mehrotra

President – Australia

+61 432152575



## Rachna Tandon

President - Women's wing - Lucknow

+91 9415019527

*Presidents listed in alphabetical order*



## Rajesh Khanna

President - Ajmer

+91 9214984495



## Rakhi Chopra

President - Lakhimpur

+91 9451238077



## Ranjan Jalote

President - Varanasi

+91 7007450271



## Renu Mehrotra

President - Biswan

+91 9454617178



## Rohit Mehrotra

President - Prayagraj

+91 9415215082



## Santosh Kapoor

President - Aurangabad

+91 9370651803

*Presidents listed in alphabetical order*



## Shashi Mehrotra

President Women's wing–Kanpur & Mentor - IKMG

+91 9935680727



## Shalini Malhotra

President - Bareilly

+91 7983561554



## Sharad Kapoor

President - Lucknow

+91 9415584459



## Sharad Mehrotra

President - Gurgaon & Faridabad

+91 9958363661



## Shreyas Seth

President - Kolkata

+91 9903744433



## Shobhna Mehrotra

President - Sitapur

+91 9450795271

*Presidents listed in alphabetical order*



## Shonu Mehrotra

President - Agra

+91 9319124445



## Shubham Kapoor

President - Ramnagar & Kashipur

+91 7906730514



## Sourabh Tandon

President - Delhi

+91  7503015186



## Suman Kapoor

President - New Zealand & Fiji

+64 211801234



## Arti Mehrotra

Sr. Vice President – Women’s Wing Kanpur

+91 9335048505



## P.C. Seth

Sr. Vice President - Kanpur

+91 9839071115

*Presidents and SVPs listed in alphabetical order*



## Sapna Kakkar

Sr. Vice President - Lakhimpur

+91 9451321357



## Chhavi Mehrotra

Vice President - Agra

+91 9897586030



## Kapil Malhotra

Vice President - Bareilly

+91 9557174444



## Kuldeep Arora

Vice President - Vrindavan

+91 9837059648



## Naresh Burman

Vice President - Mathura

+91 9897107775



## Nayan Mehrotra

Vice President - Youth Wing and Gurgaon & Faridabad

+91 8377956384

*Sr. VPs and VPs listed in alphabetical order*



## Nitin Mehrotra

Vice President & Media Head - Kanpur

+91 9839032239



## Poonam Puri

Vice President - Lakhimpur

+91 9532265763



## Reena Mehrotra

Vice President - Kannauj

9918533774



## Ruchita Kapoor

Vice President – Women's Wing Kanpur

+91 9453027034



## Rina Burman

Vice President - Kolkata

+91 9831021581



## Sangeeta Mehrotra

Vice President – Women's Wing Kanpur

+91 9559666499

*Sr. VPs and VPs listed in alphabetical order*



## Shivam Mehrotra

Vice President – Ghaziabad

+91 8860180000



## Utkarsh Mehrotra

Vice President - Varanasi

+91 8896102175



## Vidhi Kapoor

Vice President – Delhi

+91 9917641221



## Rachna Mehrotra

Treasurer - Kannauj

+91 9935436959



## Rama Kant Tandon

Treasurer - Lucknow

+91 9839104840



## Shubh Tandon

Treasurer - Noida & Ghaziabad

+91 9868400059

*VPs & Treasurer listed in alphabetical order*



## Manju Mehrotra

Secretary - Kannauj

+91 9838338484



## Pankaj Mehrotra

Secretary – Noida & Ghaziabad

+91 9899248247



## Sandeep Kakkar

Secretary – Kanpur

+91 9235312312



## Sanjay Tandon

Secretary – Lucknow

+91 8318919237



## Jayant Mehrotra

Mentor

+91 9867713756



## Savita Chopra

Mentor - Lakhimpur

+91 9451687226

*Secretaries and mentors listed in alphabetical order*




Uma Tandon

Mentor - Kanpur

+91 9336331050




# From the Chairman's desk

## Writer: Mr. Raj Khanna, London

I have been moved and impressed beyond measure by what various chapters of IKMG (including Directors, Presidents, Vice Presidents and other office Bearers and most important the members) planned and executed on 29th August, 2021 -THE IKMG FOOD DRIVE DAY, and I continue to be awestruck by everyone's work.

But now we are wondering what next. We are in for recovery after COVID -19 Pandemic. It's not going to be easy, but it is not difficult if we all are determined and are prepared to pool in extra hand. It's joint efforts by all of us which may help individuals a little bit if not in full.

I would like to suggest that we all move as one big family and help each other out. The following points have been discussed and all units come together to make it happen.

**FOOD DRIVE**: Some chapters are doing great, but we want others to come forward as well. WE HAVE DECIDED THAT ONCE EVERY QUARER LAST SUNDAY OF THE QUARTER MUST BE FOOD DRIVE DAY.

**EDUCATION**: It’s a very important area and a must for every child to obtain education. Our family is full of teachers and excellent members who are ready to support children who want guidance in this area. If the family of the child cannot afford that extra help be it for books, stationery, uniform - IKMG MEMBERS SHOULD come forward.

**MEDICAL HELP**: We should try to help elderly or children if anyone needs attention in this area. Some cities specially in small towns have shown the urge for some sort of support system to be in place for any urgent medical care. The support can be in the form of various mobility aids; like wheelchairs in each city, IKMG ambulances in smaller Towns. We have just got these kinds of requests and are working on the possibilities of obtaining and then maintaining.  We should not ignore the health of young to middle age as at times this group being neglected can be more at risk due to sheer taken for granted attitude.

**MENTAL HEALTH**: I will take it up soon as we cannot ignore this area. IKMG is trying its best indirectly by way of bringing members out of their isolation through IKMG Radio and IKMG YouTube Channel. We will form a separate department for this.

We will surely work in this area and make sure we help all those suffering from Mental Illness. Their clocks must be reset so they can see the light at the end of the Tunnel and have Sunshine in their lives.

IKMG and its Board are always present to help members out. Anyone has any question, please ask. Anyone has any problem- don’t keep to yourself -let IKMG Board or Core know about the same.

THE SUCCESS OF IKMG DEPENDS ON YOU ALL.

ON BEHALF OF THE ENTIRE BOARD AND CORE OF IKMG, OUR THANKS TO ALL THE CHAPTERS FOR EVERYTHING YOU ALL ARE DOING-IT REALLY IS REMARKABLE

MrI Raj khanna is the Founder Chairman of IKMG and resides in LondonI He is committed to social service, philanthropy and well being of the societyI



# Table of Contents / विषय  सूचि


| S. No. | Content | Page No. |
|---|---|---|
| 1 | नवरात्र - कन्या पूजन | 20 |
| 2 | है गर्व मुझे मैं खत्री हूँ | 26 |
| 3 | देवी | 28 |
| 4 | तन्हाई | 30 |
| 5 | यशोधरा की यात्रा | 31 |
| 6 | ममता की उड़ान | 35 |
| 7 | श्री यंत्र-एक चमत्कार | 49 |
| 8 | मानवता | 53 |
| 9 | नवरात्रि | 54 |
| 10 | पितृ पक्ष का महत्व | 57 |
| 11 | वृंदावन धाम | 60 |
| 12 | समय | 66 |
| 13 | सिद्धार्थ शुक्ला को विनम्र श्रद्धांजलि | 68 |
| 14 | शिक्षा का प्रकाश | 70 |
| 15 | गीत | 71 |
| 16 | नारी | 73 |
| 17 | सुगन्ध का महत्व | 75 |
| 18 | पथिक | 80 |
| 19 | करवा चौथ का महत्व | 83 |
| 20 | अहोई अष्टमी | 85 |
| 21 | The Rickshaw Puller | 88 |
| 22 | Detox your mind | 93 |
| 23 | Think Positive | 101 |
| 24 | Halloween | 103 |
| 25 | Kitchen Tales | 108 |
| 26 | The Legends - Gandhi Ji & Shastri Ji | 115 |
| 27 | In the news | 117 |
| 28 | The Art Corner | 120 |
| 29 | Game Zone | 127 |

# नवरात्र - कन्या पूजन

लेखिका - श्रीमती शोनू मेहरोत्रा, आगरा

नवरात्र की सप्तमी से कन्या पूजन शुरू हो जाता है। सप्तमी, अष्टमी और नवमी के दिन इन कन्याओं को नौ देवियों का रूप मानकर पूजा जाता है। कन्याओं के पैरों को धोया जाता है और उन्हें आदर-सत्कार के साथ भोजन कराया जाता है। ऐसा करने वाले भक्तों को माता सुख-समृद्धि का वरदान देती है।

नवरात्र के दौरान कन्या पूजन का विशेष महत्व है। नौ कन्याओं को नौ देवियों के रूप में पूजन के बाद ही भक्त व्रत पूरा करते हैं। भक्त अपने सामर्थ्य के मुताबिक भोग लगाकर दक्षिणा देते हैं। इससे माता प्रसन्न होती हैं।

## इस दिन अवश्य करें कन्या पूजन

सप्तमी से ही कन्या पूजन का महत्व है। लेकिन, जो भक्त पूरे नौ दिन का व्रत करते हैं वे तिथियों के मुताबिक नवमी और दशमी को कन्या पूजन करने के बाद ही प्रसाद ग्रहण कर व्रत खत्म करते हैं। शास्त्रों में भी बताया गया है कि कन्या पूजन के लिए दुर्गाष्टमी के दिन को सबसे अहम और शुभ माना गया है।

# ऐसे करें कन्या पूजन

**1**। कन्या पूजन के लिए कन्याओं को एक दिन पहले सम्मान के साथ आमंत्रित करें।

**2**। खासकर कन्या पूजन के दिवस ही कन्याओं को यहां-वहां से एकत्र करके लाना उचित नहीं होता है।

**3**। गृह प्रवेश पर कन्याओं का पूरे परिवार के साथ पुष्प वर्षा से स्वागत करना चाहिए। नव दुर्गा के सभी नौ नामों के जयकारे लगाना चाहिए।

**4**। कन्याओं को आरामदायक और स्वच्छ स्थान पर बैठाकर सभी के पैरों को स्वच्छ पानी या दूध से भरे थाल में पैर रखवाकर अपने हाथों से उनके पैर धोने चाहिए। पैर छूकर आशीष लेना चाहिए और कन्याओं के पैर धुलाने वाले जल या दूध को अपने मस्तिष्क पर लगाना चाहिए।

**5**। कन्याओं को स्वच्छ और कोमल आसन पर बैठाकर पैर छूकर आशीर्वाद लेना चाहिए।

**6**। उसके बाद कन्याओं को माथे पर अक्षत, फूल और कुमकुम लगाना चाहिए।

**7**। इसके बाद मां भगवती का ध्यान करने के बाद इन देवी स्वरुप कन्याओं को इच्छा अनुसार भोजन कराएं।

**8**। कन्याओं को अपने हाथों से थाल सजाकर भोजन कराएं और अपने सामर्थ्य के अनुसार दक्षिणा, उपहार दें और दोबारा से पैर छूकर आशीष लें।

**9**। कन्याओं को लाल वस्त्र व श्रृंगार का समान अवश्य दें ।

## दो से दस वर्ष तक की होनी चाहिए कन्याएँ

**1**। अपने घर में बुलाई जाने वाली कन्याओं की आयु दो वर्ष से दस वर्ष के भीतर होनी चाहिए।

**2**। कम से कम नौ कन्याओं को पूजन के लिए बुलाना चाहिए, जिसमें से एक बालक भी होना अनिवार्य है, जिसे हनुमानजी का रूप माना गया है। जिस प्रकार मां की पूजा भैरव के बिना पूर्ण नहीं होती , उसी प्रकार कन्या पूजन भी एक बालक के बगैर पूरा नहीं माना जाता। यदि नौ से ज्यादा कन्याएँ भोज पर आ रही है तो कोई आपत्ति नहीं, उनका स्वागत करना चाहिए।



# हर उम्र की कन्या का है अलग रूप

नवरात्र के दौरान सभी दिन एक कन्या का पूजन होता है, जबकि अष्टमी और नवमी पर नौ कन्याओं का पूजन किया जाता है।

- **2** वर्ष की कन्या का पूजन करने से घर में दुख और दरिद्रता दूर हो जाती है।
- **3** वर्ष की कन्या त्रिमूर्ति का रूप मानी गई हैं। त्रिमूर्ति के पूजन से घर में धन-धान्य की भरमार रहती है, वहीं परिवार में सुख और समृद्धि रहती है।
- **4** साल की कन्या को कल्याणी माना गया है। इनकी पूजा से परिवार का कल्याण होता है ।
- **5** वर्ष की कन्या रोहिणी होती हैं। रोहिणी का पूजन करने से व्यक्ति रोगमुक्त रहता है।
- **6** साल की कन्या को कालिका रूप माना गया है। कालिका रूप से विजय, विद्या और राजयोग मिलता है।
- **7** साल की कन्या चण्डिका होती है। चण्डिका रूप को पूजने से घर में ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है।
- **8** वर्ष की कन्या शाम्भवी कहलाती हैं। इनको पूजने से सारे विवाद में विजयी मिलती है।

- **9** साल की की कन्या दुर्गा का रूप होती हैं। इनका पूजन करने से शत्रुओं का नाश हो जाता है और असाध्य कार्य भी पूरे हो जाते हैं।
- **10** साल की कन्या सुभद्रा कहलाती हैं। सुभद्रा अपने भक्तों के सारे मनोरथ पूरा करती हैं।

कन्या का सम्मान सिर्फ 9 दिन नहीं जीवनभर करें I नवरात्र के दौरान भारत में कन्याओं को देवी का रूप मानकर पूजा जाता है। लेकिन, कुछ लोग नवरात्र के बाद यह सबकुछ भूल जाते हैं। बहुत जगह कन्याएं शोषण का शिकार होती हैं और उनका अपमान होता है। बहुत से व्यक्ति कन्या के जन्म पर दुखी हो जाते हैं।

जरा सोचिए !! क्या आप ऐसा करके देवी मां के इन रूपों का अपमान नहीं कर रहे। कन्या और महिलाओं के प्रति हमें सोच बदलनी होगी। देवी तुल्य इन कन्याओं और महिलाओं का सम्मान करें। इनका आदर कर आप ईश्वर की पूजा के बराबर पुण्य प्राप्त करते हैं। शास्त्रों में भी  बताया गया है कि जिस घर में औरत का सम्मान होता है, वहां खुद ईश्वर वास करते हैं।

DrI Shonu Mehrotra resides in Agra and is an astro, Vastu, numerology & occult science expertI She is a social activist and runs an NGO called Sharan Sewa SamitiI




VAASTU 'N' PEACE
DR. SHONU MEHROTRAA
ज्योतिष, वास्तु, फेंगशुई,
अंकशास्त्र एवं नजर दोष विशेषज्ञ
Ph. 9412257617, 9319124445
H.N. 11, Vaibhav Garden, Phase-2

# है गर्व मुझे मैं खत्री हूँ

लेखक - श्री राज खन्ना, लंदन

है गर्व मुझे मैं खत्री हूँ ॥

उत्कृष्ट वंश का वंशज हूँ, श्री राम का सीधा अंशज हूँ ।

नहीं दहेज प्रथा या पर्दा प्रथा, मैं श्रेष्ठ जाति में अग्रज हूँ ।

है गर्व मुझे मैं खत्री हूँ ॥

व्यापार में कुशल वणिक हूँ, तलवार में कुशल धनिक हूँ ।

इस अखिल विश्व में विचरण करता, मैं ही अदम्य पथिक हूँ ।

हाँ गर्व है मुझे मैं खत्री हूँ ॥

हरीसिंह नलवा या टोडरमल, पुरुषोत्तमदास गुरू नानक हूँ ।

आर्यों की विशुद्ध सी शाखा का, मैं सदियों से वाहक हूँ ।

हाँ गर्व है मुझे मैं खत्री हूँ ॥

१४ मई २०१८ से शुरू, IKMG सभा क़ी कड़ी हूँ मैं ।

सकल विश्व के खत्री उपवन की इक छोटी सी लड़ी हूँ मैं ।

हाँ गर्व है मुझे मैं खत्री हूँ ॥

IKMG ने हर खत्री को जोड़ने क़ा कदम उठाया है ।

विवाह हो या हो वैचारिक मंच, इक संसार बसाया है ।।

पिता श्यामकिशोर की प्रेरणा से, राज खन्ना ने अलख जगाया है ।

इस सकल विश्व के खत्री जन का, इक परिवार बनाया है ।

तो आओ इस पुनीत कार्य में हम सब भी सहयोग करें ।

जोड़े अपने हर भाई को, और बूँद बूँद समुद्र बने ।

और बूँद बूँद समुद्र बने ।।

हाँ गर्व है मुझे मैं खत्री हूँ ।

हाँ गर्व है मुझे मैं शक्ति हूँ ।।

जय जाति । जय धर्म । जय राष्ट्र । जय विश्व बंधुत्व ।।

MrI Raj khanna is the Founder Chairman of IKMG and resides in LondonI He is committed to social service, philanthropy and well being of the societyI



# देवी

लेखिका - श्रीमती रीना बर्मन, कोलकाता

इस बार शक्ति रूप दिखाना देवी।

जादू कुछ तो कर जाना देवी ।।

है त्राहि-त्राहि करता जग सारा।

इस नए महिषासुर से है जग हारा ।।

तेरा इंसान घबराया लड़ते-लड़ते ।

कई चले गए जहां से मरते-मरते ।।

चतुर्दिक छाए इस क्रूर महिषासुर को।

जल्दी मार भगाना हे देवी ।।

बिलखते इंसानों के मुख पर।

थोड़ी मुस्कान तो ले आना देवी ।।

हम आस लगाए बैठे हैं ।

मन में विश्वास जगाए बैठे हैं ।।

इंसान के भरोसे का मान रख ।

कुछ जादू तो कर ही जाना देवी ।।

अभिशप्त प्राणी को वर दे जाना देवी।





MrsI Rina Burman was a teacher in a reputed school of KolkataI Her hobbies include reading, writing, stage performance and music

# तन्हाई

## लेखिका - श्रीमती पूर्णिमा इन्द्र, लखीमपुर-खीरी

तन्हाई का आलम ही अब सहारा है; किश्ती डूबी है कोई न अब किनारा है।

राह में  बहुत थक गये थे चलते चलते; मिली न कोई छाँव न ही कोई आसरा है।

भूली  बिसरी  मचलती यादों के जंगल में; न ही कोई डगर है न ही कोई   उजियारा है।

ढूंढता फिरता  हूं  कितने सारे अपनों को; कितना पागल दिल  है कितना मतवारा है।

दफ़न होती गयी  हैं उम्मीदें और ख्वाहिशें; न ही कोई लख़्त-ए-**जिगर** है न ही कोई प्यारा है।

सबकी नादानियां भुला दी हैं मैंने मेरे यारों; दिल बस ढूंढता इक आख़िरी किनारा है।

पूर्णिमा इन्द्र जी को कविताएँ लिखने का शौक बचपन से है पर ये शौक गृहस्थ जीवन के चलते समयाभाव के कारण शांत हो गया था । विवाह से पहले, आपकी कुछ कविताएँ अखबारों में भी छपी; फिर एक लम्बे विराम के बाद आप कुछ समय से सक्रिय हैं। आप अपने शहर में छोटे बच्चों के एक छोटे से विद्यालय का संचालन भी करती हैं।



# यशोधरा की यात्रा

## लेखिका - श्रीमती राखी टंडन, सीतापुर

मुझे नहीं पता कि यशोधरा ने अपने जीवन काल में पति के द्वारा छोड़े जाने पर अपने बाक़ी बचे दिन वास्तव में कैसे गुज़ारे होंगे और जानना भी नहीं चाहती और न ही किसी पर कोई आपत्तिजनक टिप्पणी करना चाहती हूँ। मैं तो बस एक ऐसी स्त्री की पीड़ा का बयान करना चाहती हूँ , जो पूर्ण रूप से पति के प्रति समर्पित थी , रूपसी थी और सभी स्त्रियोचित गुणों से परिपूर्ण भी।



जिसका पति ऐसी समर्पित अर्धांगिनी को सोती हुई अवस्था में , अपने दुधमुँहे पुत्र के साथ बिना बताए ही छोड़ कर ज्ञान की खोज में चला जाता है ।

विडंबना है उस स्त्री की , कि जिसके पति को जब सब भगवान मानकर पूज रहे थे ,तब  उसका पति उसके लिए क्या भगवान बन सकता था !  जिस प्रयोजन से वो गृह त्याग कर के गया था उसकी नींव तो अंधकार की , पीड़ा की ईंटों पे टिकी थी  ! फिर क्या उसका प्रयोजन सिद्ध भी हो सकता था ! क्या सचमुच में वो ज्ञान प्राप्त कर भी पाया ?यदि यशोधरा उसे भगवान मान , हाँ कहती ।।। तो झूठ बोलती , क्योंकि उसकी पत्नी पीड़ा उसे ऐसा मानने से अवश्य ही रोकती और यदि वो न कहती तो पूरा संसार उसके विरुद्ध होता ।



ऐसी कठिन स्थिति में वो स्त्री कहाँ जाएगी , अपने अबोध शिशु को क्या बतलायेगी, कैसे समझाएगी कि उसका पिता उन्हें क्यों छोड़ कर चला गया ?

जब सारा संसार उसके पति को भगवान का दर्जा दे रहा हो तो उस स्त्री के सामने दो ही रास्ते बचते हैं , या तो झुक जाओ , जैसा सब कर रहे हैं ।।।।मन माने या न माने पर अंधानुकरण करो ।।।।।, या ना झुको और टूट जाओ । मैं नहीं जानती कि उस यशोधरा ने उन परिस्थितियों में सन्यास क्यों ग्रहण किया होगा , पर कोई स्त्री तब कैसे झुक सकती है , जब उसका स्वपन , उसका विश्वास खंडित करने वाला भगवान उसका अपना पति हो । उसके जीवन के बचे दिन वो कैसे गुज़ारे ।।।।। सधवा बन के या ।।।।! बालक को क्या बताये ।।।। पिता के पदचिन्हों पे चलो या पिता का त्याग करो ! बालक की भोली आँखों में जन्म लेते प्रश्नों को कैसे उसकी मासूम आँखों में ही ख़त्म कर दे ।।।। उन प्रश्नों को जन्म ही न लेने दे ।।।।!



दुविधा रही होगी उसके सामने ।।। अपने वर्तमान और भविष्य दोनों को लेकर ! कैसे जी होगी वो नारी, कैसा रहा होगा उस अबोध शिशु का बचपन, जिसकी आँखों ने उसके पिता के चेहरे के भावों को कभी पढ़ा भी नहीं होगा ! शायद सामाजिक परिवेश की वजह से ही वो संन्यासिनी का जीवन जीने को विवश हुई हो, शायद समाज ने उस स्त्री को जबरदस्ती ही देवी का दर्जा भी दिया हो, जैसे कि सती प्रथा में दिया जाता था, पर ये तय है कि उसने राजकुमार सिद्धार्थ की पत्नी होने से लेकर गौतम बुद्ध की पत्नी होने तक के अपने सफ़र में अपने पति से कहीं ज़्यादा ज्ञान प्राप्त कर लिया होगा !



MrsI Rakhi Tandon is a housewife and freelance authorI Her poems are regularly published on her Facebook page; ‘antarman ke sang’



# ममता की उड़ान

लेखक - श्री सुशील मेहरोत्रा, मुरादाबाद

कमरे में बिलकुल शांति थी।बस हलकी हलकी आवाज़ ऐ.सी. की आ रही थी। राधे श्याम जी अपनी सीट पर नहीं बैठे थे वरन साइड में रखे सोफे पर बैठे थे। वह बहुत उदास और गुमसुम दिखाई देते थे । उनके निजी सचिव श्री सुमित ने जब कमरे का दरवाज़ा खोला तो सर (श्री राधे श्याम जी) को अपनी कुर्सी पर न देखकर बहुत अचरज हुआ। पिछले कई वर्षों से वह सर के साथ था परंतु ऐसे गुमसुम, उदास उसने उन्हें कभी नहीं देखा था। वह हमेशा अपनी सादगी , हँसमुख मिज़ाजी के लिए जाने जाते हैं। फिर ऐसा क्या हो गया जो वह इतने दुखी दिखाई दे रहे हैं।



उसने कहा -' सर , यदि तबियत ढीक नहीं है तो क्या डॉक्टर को बुलाऊँ।'

'नहीं मैं ढीक हूँ। बस ऐसे ही बैठ गया था ।'

'सर, यदि कोई परेशानी हो तो कृपया बताएं । उसे दूर कर हमे ख़ुशी होगी।' 'धन्यवाद सुमित! कुछ नहीं बस कुछ याद आ गया था । वही सोचकर मन उदास हो गया था।'

'सर, आपने हम सभी को अपना कर्मचारी नहीं समझा। अपने परिवार का हिस्सा माना। अपना छोटा भाई जानकर हमे बताएं, शायद हम कुछ कर सकें।'

राधे श्याम जी ने सुमित को गहराई से देखा और उसे बैठने का इशारा किया। वह उनके सामने कुर्सी पर बैठ गया ।

गुमसुम राधे श्याम जी मनो कहीं खो गए थे। वह बोले -'सुमित मैं जो आज हूँ  यह मेरा वर्तमान है । मेरा जन्म एक गरीब ब्राह्मण परिवार में हुआ था।  हम लोग गांव परशदेपुर ज़िला रायबरेली के रहने वाले थे। गांव में ज्यादातर ठाकुरों के परिवार थे । बस गिने चुने ही और लोग थे। मेरे पिताजी गांव के मंदिर में पुरिहित थे।मंदिर की सेवा व कभी कभी किसी के यहाँ पूजा पाठ करके जो मिलता था उसी से गुजारा होता था। बस यों समझो सबको रोटी मिल जाती थी।हाँ इतना जरूर था ठाकुरों में पिताजी का बहुत मान था इसीलिए कभी अभाव नहीं महसूस हुआ।मैं अपने माता पिता का इकलौता और लाडला बेटा था। उन्होंने मेरा नाम राधे श्याम रखा था परंतु प्यार से सब मुझे बुद्धू कहते

थे। बेफिक्री के कारण ज्यादा चंचल और शैतान हो गया था । जब पढने की अवस्था आयी तो पिताजी ने गांव के स्कूल में दाखिल करा दिया परंतु मेरा मन पढाई में कम और शैतानियों में ज्यादा लगता था। पिताजी तो धार्मिक कर्मकांडों में व्यस्त रहते थे परंतु मेरी माँ मेरी शिक्छा के लिए बहुत उत्सुक थी। खुद तो ज्यादा पड़ी लिखी नहीं थी परंतु मुझे पढ़ाना चाहती थी। धीरे तीन चार वर्ष बीत गए । मेरी गतिविधियों में कोई परिवर्तन नहीं आया था । यदपि माँ ने स्कूल के मास्टर जी से कह रखा था की वह मेरी पढाई पर ज्यादा ध्यान दें।



अचानक एक दिन पिताजी को स्वास की तकलीफ हो गयी। उन्हें सांस लेने में बहुत तकलीफ हो रही थी। गांव के बैद्य ने अपनी भरसक पूरा प्रयास किया परंतु वह नहीं बच सके। शायद पैसे और अच्छे इलाज से बच जाते। हमारी नियति में यही लिखा था। इस प्रकार बचपन में ही मेरे पिताजी , मुझे और मेरी माताजी को बेसहारा छोड़कर चले गए। कोई खेती बाड़ी तो थी नहीं इसीलिए गुजारा करना भी मुश्किल हो गया ।

ईश्वर भला करे ऐसे समय में ठाकुरों ने बहुत मदद की। ब्राह्मण होने के कारण कोई उनसे घर के काम नहीं करवाता था  परंतु मेरी माँ उनके यहाँ छोटे मोटे काम कर लेती थीं  जिससे जीवन चल रहा था। यद्दपि पिताजी के जाने का दुःख था परंतु बालपन की शैतानियों में सब भूल जाता था। मेरी माँ सदा ही पढाई में ध्यान लगाने को कहती जिसे मैं सुनकर अनसुना कर देता था। अक्सर स्कूल से लौटते  हुए दोस्तों के साथ  कभी नहर किनारे, कभी किसी बाग में खेलने लगता। देर से लौटने पर माँ डांटती  थी परंतु उनका प्यार उनकी



आँखों से झलकता था जिसका मैं हरदम फायदा उढाता था। एक दिन स्कूल से लौटते हुए मैं अपने दोस्तों के साथ लाला के बाग़ में खेलने चला गया। सब बच्चे पेड़ों पर चढ़कर कूद फांद रहे थे। देर हो जाने के कारण मेरी माँ मुझे ढूंढते हुए लाला के बाग़ में आ गयी। 'बुद्धू कहाँ हो बेटा। अब आ जाओ  शाम हो गयी है।' मैं पेड़ पर चढ़ा सब सुनकर भी चुप था जैसे माँ को सताना अच्छा लग रहा था।

'बेटा अब परेशान मत करो, जल्दी घर चलो।' मैं पेड़ से नीचे कूदा । माँ ने कुछ नहीं कहा बस हाथ पकड़कर घर ले गयी। घर जाकर माँ ने खाना खिलाया और चुप चाप सोने के लिए चली गयी। जब भी कोई विशेष बात होती थी माँ बिलकुल चुप हो जाती थी। मैंने देखा माँ लेटे लेटे रो रही है । मैं बहुत विचलित हो गया । मुझको परेशान



देखकर माँ उठ बैठी और बोली -' बेटा बुद्धू , तुम्हारे पिताजी हम दोनों को बेसहारा छोड़ गए। जीवन यापन का भी कोई साधन नहीं है। ठाकुरों की दया से रोटी मिल जाती है ।मेरे पास इतना भी पैसा नहीं है की मैं तेरे लिए एक जोड़ी कपड़ा भी ले सकूँ ।' ' बेटा मैं हरदम ये सोचकर परेशान रहती हूँ की कल को अगर मैं न रही तो तेरा क्या होगा। तुम्हारे पास न धन है न ही कोई हुनर। इसीलिए मैं हरदम यही चाहती हूँ तू पढ़ लिख कर अपना जीवन संवार सके । कब तक हम दूसरों के सहारे बने रहेंगे ।' यह कहते हुए माँ फूट फूट कर रोने लगी । रोते हुए वह बोली - ' बेटा अपनी माँ के खातिर ही सही तू मन लगा कर पढाई कर।'

पहली बार माँ के यह शब्द हृदय में उतर से गए। मैंने भी ठान लिया की मैं पढ़ लिख कर अपनी माँ को सब सुख दूंगा । उस दिन से मैंने गंभीरता से पढाई शुरू कर दी । स्कूल के अध्यापक भी मेरी मेहनत और लगन से बहुत खुश थे। मैंने गांव के स्कूल से प्राइमरी की परीक्छा बहुत अच्छे नम्बरों से उत्तीर्ण की। अब मैं भी ठाकुरों के छोटे मोटे काम कर दिया करता था। जब मैंने और पढ़ने की इच्छा जाहिर की तो उन्हीने  पास के स्कूल में भर्ती करा दिया। हमारी शिक्छा का खर्च भी उन्होंने ही उठाया । अपनी मेहनत और माँ के आशीर्वाद से मैंने हाई स्कूल  की परीक्छा न केवल प्रथम श्रेडी में उत्तीर्ण की वरन जिले में प्रथम स्थान भी प्राप्त किया। अब मुझे सरकार से वजीफा भी मिलने लग  गया जिससे मैं आगे की पढाई कर सका । समय बीतता गया और मैंने बारहवीं की परीक्छा भी प्रथम श्रेडी में पास की। मेरी माँ बहुत खुश थी मानो उसको दुनिया भर की दौलत मिल गयी हो।



मैं अब इंजीनियरिंग करना चाहता  था परंतु पैसो की कमी से यह संभव नहीं लग रहा था । भाग्यवश एक नामी इंजीनियरिंग कॉलेज ने एक प्रतियोगिता  आयोजित की जिसके विजेता को इंजीनियरिंग कॉलेज में न केवल दाखिल मिलेगा  बल्कि उसकी पढाई का पूरा खर्च भी उठाएगा । लगा जैसे भगवान ने हमारे लिए ही यह खेल रचा है। मैं भी पूरे मनोयोग से प्रतियोगिता की तैयारी में लग गया । ईश्वर कृपा से मैं विजयी रहा । इंजीनियरिंग कॉलेज में न केवल दाखिला मिल गया बल्कि सारे खर्च भी माफ़ कर दिए।  अपनी माँ को गांव वालों के भरोसे छोड़कर  मैं इंजीनियरिंग  करने चला गया। पैसे न होने के कारण मैं उनसे मिलने नहीं जा पता था जिसका सदा दुःख रहता । कॉलेज के पास ही गांव के एक सज्जन रहते थे  जिनसे माँ का हाल चल लेता रहता था । इंजीनियरिंग कॉलेज में मुझको शुरू से ही सॉफ्टवेर की पढाई में बहुत लगन थी। इंजीनियरिंग करते हुए ही मैंने कई ऐसे प्रोजेक्ट किये जिसको माइक्रोसॉफ्ट  जैसी कंपनी ने सराहा । कंपनी ने मुझको पढाई पूरी करने के पश्चात बहुत अच्छे वेतन पर अपने यहाँ नौकरी का प्रस्ताव दिया । पढाई पूरी करने के बाद मैंने नौकरी ज्वाइन कर ली और अपनी माँ को अपने साथ ले आया । हरदम इस प्रयास में रहता की उनको कोई तकलीफ न हो। उनकी देखभाल के लिए एक नौकर भी रख लिया। माँ भी हमको जी भर कर दुआएं देती रहतीं । लगभग चार वर्ष नौकरी करने के पश्चात जब पर्याप्त अनुभव हो गया तो मैंने अपनी स्वयं की कंपनी बनाने का विचार किया।

जब माँ से पूछा तो बोली - 'मेरा बुद्धू अब इतना होशियार हो गया है की जो करेगा ढीक ही करेगा। वैसे भी बेटा मैं तुम्हे क्या सलाह दे सकती हूँ। जो ढीक लगे करो।'

नौकरी से इस्तीफा देकर मैंने अपनी नै कंपनी - 'भारत सॉफ्टवेर डेवलपमेंट कंपनी' बनाई। शुरुआत में थोड़ी परेशानी हुई परंतु मुझे अपनी योग्यता पर पूरा भरोसा था।आज कंपनी देश विदेश में अपनी सेवाओं के लिए मशहूर है और मैं राधे श्याम दुबे अपनी कंपनी का मैनेजिंग डायरेक्टर हूँ। इतना कहकर राधे श्याम जी थोड़ा चुप हो गए। अब तक वह भी मानसिक रूप से थोड़ा संभल चुके थे।



सुमित बोला - 'सर आपका जीवन तो लोगो के लिए मिसाल है। नीचे से ऊपर की जो उड़ान अपने भरी है वह शायद ही देखने को मिले। सर, फिर इस उदासी का क्या कारण है।'

राधे श्याम जी ने गहरी सांस लेते हुए कहा - 'सुमित यह सच है इसमें उदासी का कोई कारण नहीं है मगर हर दिन समान नहीं रहते। अब क्योंकि मैं आर्थिक रूप से सम्पन्न था, माँ ने विवाह के लिए कहा । मेरा विवाह एक प्रतिष्ठत व सम्पन्न ब्राह्मण परिवार में हो गया । मेरी पत्नी स्मिता काफी उच्च शिक्छित  व खुले ,नए विचारों की थी।  पैसो की कोई कमी नहीं थी इसीलिए उसे घूमना फिरना, पार्टी करना वगैरह काफी अच्छा लगता था। यदपि हमारा सामाजिक स्तर बढ़ गया था  परंतु संस्कार विचार पुराने ही थे।



माँ को यह सब ज्यादा पसंद नहीं था मगर  वह कुछ कहती नहीं थीं । धीरे धीरे वैचारिक मतभेदों के कारण उनमे आपस में बातचीत भी बंद हो गयी थी । स्मिता माँ की तरफ से बिकुल लापरवाह हो गयी थी । यदपि माँ ने कभी शिकायत नहीं नहीं की परंतु वह अंदर ही अंदर दुखी रहती थीं। काम की व्यस्तता के कारण  मैं भी ज्यादा ध्यान नहीं दे पाता था। वह अभी भी मुझको बुद्धू कहकर संबोधित करती थीं । मुझे तो सुनकर अच्छा लगता था परंतु स्मिता को बुरा लगता था। हमारे एक बेटा भी हो गया । माँ अपने पोते के साथ खेलना चाहती थी परंतु स्मिता उसको उनसे दूर ही रखती। माँ अब टूटने लगी थी।



एक दिन माँ ने मुझसे कहा -' बुद्धू बेटा , तू मुझे गांव छोड़ आ। मेरा मन अब शहर में नहीं लगता । अपने लोगो के बीच रहूंगी तो मन खुश हो जायेगा। ' मैं जनता था की अब

गांव में कौन है , फिर भी माँ की इच्च्छा के लिए मैं उन्हें गांव के घर में छोड़ आया। हाँ मैंने इस बात का इंतेज़ाम कर दिया की वहां उन्हें कोई परेशानी न हो। धीरे धीरे कई वर्ष बीत गए। मैं ही जाकर माँ से मिल आता था परंतु स्मिता कभी नहीं गयी। मेरा बेटा अब स्कूल जाने लग गया था। स्मिता एक पल भी उसको दूर नहीं रह पाती थी। इसको स्कूल छोड़ना, लाना वह स्वयं करती थी। एक बार स्कूल की तरफ से बच्चों को पिकनिक पर ले जाया गया। पास के एक रिसोर्ट में ले गए थे। दुर्भाग्य से पता नहीं कैसे मेरा बेटा खेलते खेलते रिसोर्ट से बाहर आ गया। वह रास्ता भटक गया और एक गांव की तरफ चला गया। वह रोये



जा रहा था। गांव के लोगो ने उसे प्यार से बिठाया और पास की पुलिस  चौकी में सूचना दे दी। इधर बच्चे के गुम हो जाने से चारो तरफ हड़कंप सा मच गया। स्मिता को जब सूचना मिली तो वह जैसे पागल हो गयी। वह रो रो कर बेहाल थी। स्कूल ने भी पुलिस तो तुरंत सूचना दी। बच्चे के खोने की खबर जब चौकी पहुंची तो उन्होंने बताया की बच्चा पास के गांव में सही सलामत है।

हम सब जब गांव पहुंचे तो स्मिता बच्चे से लिपट कर फूट फूट कर रोने लगी जैसे उसके प्राण वापिस आ गए हों। घर पहुँच कर स्मिता बस बेटे को साथ लेकर बैठी रही । वह बोली - 'मैं इसके बिना नहीं रह सकती। कोई माँ कैसे अपने बच्चे से दूर रह सकती है। ' मैंने कहा - 'मेरी माँ भी तो अपने इकलौते बेटे से दूर है। वह भी मुझे उतना ही चाहती है जितना तुम अपने बेटे को चाहती हो।' स्मिता बोली आप ढीक कहते हैं । उन्हें आप से दूर करके हमने गुनाह किया है। अपनी अहंकार में मैं कभी भी उन्हें समझ नहीं सकी। ' हम गांव जाकर उन्हें लेके आएंगे । हम सब गांव माँ को लेने गए । माँ भी बहु और पोते को देखकर निहाल हो गयी ।



वह बोली - ' आज हमारे लिए बहुत शुभ  दिन है जब मेरा पूरा परिवार यहाँ आया है। माँ ने कहा  की एक दो दिन गांव में रहो फिर मैं तुम्हारे साथ शहर चलूंगी।  माँ हर दिन सुबह ४ बजे उठ जाती है। अगले दिन जब वह देर तक नहीं उठी  तो हम सब चिंतित हो गए । जब माँ के कमरे में गए तो देखा की एक प्यारी सी मुस्कान, अपूर्व शांति चेहरे पर लिए माँ चिर निद्रा में सो गयी थीं  मानो इसी दिन का इंतज़ार था। माँ हमे छोड़ कर चली गयी थी। हमारी तो दुनिया ही उजड़ गयी हो।  इतने दिनों के बाद स्मिता माँ से मिलकर बहुत खुश  थी। वह भी फूट फूट कर रोने लगी।



हमे ऐसा लग रहा था मानो माँ नहीं एक स्तम्भ टूट गया हो। दिमाग जैसे सुन्न हो गया था । अचानक स्मिता की नज़र माँ के बगल में रखे एक कागज़ पर पड़ी। यह माँ का एक पत्र था । माँ ने लिखा था - 'मेरे प्यारे बुद्धू , मैं जानती हूँ तू  बहुत विद्धान और धनी हो गया है।  लोगो की नज़र में तेरा बहुत  मान सम्मान है मगर मेरे लिए तो सिर्फ मेरा बुद्धू ही है। इस जीवन में शायद ही

कोई ऐसा पल होगा जब तुमने मेरा कहा नहीं माना होगा। मैं बहुत भाग्यवान हूँ की मुझे तेरे जैसा बेटा मिला ।मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूँ की हर जनम में तू ही मेरा बेटा बने।बेटा हर माँ को अपने बच्चे से प्यार होता है। हो सकता है मेरे पुराने विचारों से बहु सहमत न रही हो मगर बेटा वह दिल की बहुत अच्छी है। मुझे उससे कोई शिकायत नहीं बस यही दुःख है की अपने पोते को नहीं खिला सकी। बेटा उन दोनों का सदैव ख्याल रखना। - तुम्हारी माँ।

ऐसी थी मेरी माँ जो हरदम सबका हित ही चाहती थी । आज ही के दिन उन्होंने शरीर छोड़ा था बस माँ की याद आने के कारण मन दुखी और उदास हो गया था। सुमित भी सारी कहानी सुनकर भावुक हो गया और छमा मांगकर चल दिया।

Mr। Sushil Mehrotra was born & brought up at Kanpur where he did his post graduation in science। He is presently staying in Moradabad after his retirement as an executive from Indian Bank।



# श्री यंत्र-एक चमत्कार

## लेखक - श्री पवन मेहरोत्रा, आगरा

श्री चक्र एक यन्त्र है जिसका प्रयोग श्री विद्या में होता है। इसे 'श्री यंत्र', 'नव चक्र' और 'महामेरु' भी कहते हैं। यह सभी यंत्रों में शिरोमणि है और इसे 'यंत्रराज' कहा जाता है। वस्तुतः यह एक एक जटिल ज्यामितीय आकृति है। इस यंत्र की अधिष्ठात्री देवी भगवती त्रिपुर सुंदरी जो वैदिक मैं श्रीदेवी मतलब महालक्ष्मी हैं। श्री यंत्र की स्थापना और पूजा से हर सिद्धि की प्राप्ति होती है।


श्री यंत्र के केन्द्र में एक बिंदु है। इस बिंदु के चारों ओर 9 अंतर्ग्रथित त्रिभुज हैं जो नवशक्ति के प्रतीक हैं। इन नौ त्रिभुजों के अंतर्ग्रथित होने से कुल ४३ लघु त्रिभुज बनते हैं।



श्रीयंत्र के प्रभाव के बारे मे एक और पौराणिक कथा है। माना जाता है कि एक बार लक्ष्मीजी पृथ्वी से दुखी होकर बैकुंठ चली गई। फलस्वरूप पृथ्वी पर अनेक समस्याएँ पैदा हो गईं। तब महर्षि वशिष्ठ ने विष्णु की सहायता से लक्ष्मी को मानने के प्रयास किए, लेकिन विफल रहे। फिर वे देवगूरु बृहस्पति के मनाने पर तुरंत पृथ्वी पर लौट आईं और कहा श्री यंत्र ही मेरा आधार है और इसमें मेरी आत्मा निवास करती है। इसलिए मुझे आना ही पड़ा। माना जाता है कि श्री यंत्र की विधिवत पूजा करने से सुख और मोक्ष प्राप्त होता है। इसकी आराधना पूर्व दिशा की ओर मुंह रखकर करना चाहिए। तभी आपकी सभी मनोकामनाएँ पूर्ण होंगी।

श्री यंत्र को सबसे महान और सर्वाधिक फल देने वाला यंत्र माना जाता है। कई लोग श्री यंत्र को लक्ष्मी यंत्र भी मानते हैं। धार्मिक मान्यतानुसार श्री यंत्र के पूजन से धन आगमन के रास्ते खुलते हैं। श्री यन्त्र की रचना त्रिकोण को मिला कर ही की गई हे और त्रिकोण के नीचे वाला भाग भी त्रिकोण के संयोजन से ही बना हे जो की चौकोर होता हे सभी त्रिकोण को मिला कर बात करे तो 43 त्रिकोण होते हैं और सभी त्रिकोण को 2 कमल घेरे हुए होते हे जिसमें पहला कमल अष्टदल का होता हे और दूसरा षोडशदल का होता है। कमल और त्रिकोण के बीच दो वृत होते हैं |

श्री यंत्र की पूजा के लिए लक्ष्मीजी के बीज मंत्र का प्रयोग करें, मंत्र जाप में नियमों का पालन भी आवश्यक है । इस दिन बने यंत्र का करें प्रयोग रामचरित मानस में चौपाई के माध्यम से स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि कलियुग केवल नाम अधारा, जिसका तात्पर्य है मंत्रजाप। मंत्रजाप से ही आप हर इच्छा को पूरी कर सकते हैं। श्री यंत्र की आराध्या देवी श्री त्रिपुरा सुन्दरी देवी मानी जाती हैं। माह की संक्रांति के दिन या शुक्ल पक्ष की अष्टमी के दिन इस यंत्र का निर्माण कर सकते हैं। यह यंत्र ताम्रपत्र (तांबे की प्लेट), रजत-पत्र या स्वर्ण-पत्र पर ही बना होना चाहिए। श्री यंत्र की पूजा के लिए लक्ष्मीजी के बीज मंत्र "ऊं श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद श्रीं ह्रीं श्रीं ऊं महालक्ष्मै नम:" का प्रयोग करें।



# श्री यंत्र की विशेषता

- इस यंत्र को मंदिर या तिजोरी में रखकर प्रतिदिन पूजा करने व प्रतिदिन कमलगट्टे की माला पर श्रीसूक्त के 12 पाठ के जाप करने से लक्ष्मी प्रसन्न रहती है।
- श्री यंत्र ही एक अकेला साधन है लक्ष्मी जी को आकर्षित करने का। श्री यंत्र से आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी हो जाती है और सारी परेशानियां दूर हो जाती है।
- जन्मकुंडली में मौजूद विभिन्न कुयोग श्रीयंत्र की नियमित पूजा से दूर हो जाते हैं।
- इसकी कृपा से मनुष्य को अष्ट सिद्धियों और नौ निधियों की प्राप्ति होती है।
- श्री यंत्र के पूजन से रोगों का नाश होता है।
- इस यंत्र की पूजा से मनुष्य को धन, समृद्धि, यश, कीर्ति की प्राप्ति होती है।
- रुके कार्य बनने लगते हैं। व्यापार की रुकावट खत्म होती है।
- श्री यंत्र साधना से संसार में कुछ भी दुर्लभ नहीं रह जाता है।

श्री पवन मेहरोत्रा आगरा के निवासी हैं और एक कुशल वास्तु व अंकशास्त्र विशेषज्ञ हैं।



# मानवता

## लेखिका - श्रीमती नीता कपूर, कानपुर

ये जिंदगी क्षण भंगुर है; जाने कब ठहर जाती है।

क्षण-क्षण, पल-पल; धीरे-धीरे फिसलती जाती है।

इसे न यूं बर्बाद  करो; समय का पूर्ण प्रयोग करो।

किसी लाचार की सहायता कर; उसकी दुआएँ एकत्र करो।

हम धरती पर रोते आए; तब तो सभी हंसे ।

कुछ  ऐसा कर्म करो; मेरे जाते  हम  हंसे और सब रोएँ।

मानवता को जीवित रखकर; जिंदादिली निभाते  चलो ।

है यही  वक्त कुछ करने का; सबको गले लगाते चलो ।

सबको गले लगाते चलो।।

Mrs। Nita Kapoor has been a teacher for 30 years, is a proficient tabla player and enjoys music, singing and poetry।



# नवरात्रि

## लेखिका - श्रीमती ममता सेठी भामरी, मेरठ

नवरात्रि तो हिंदू धर्म का पावन पर्व है। ऐसा कौन होगा, जिसे इन नौ दिनों की महत्ता का ज्ञान न हो। लेकिन ये बहुत कम लोग जानते हैं कि नवरात्रि हिंदू वर्ष के कैलेंडर में चार बार आते हैं। दो बार प्रकट रूप में चैत्र और शरद माह में। तो दो बार गुप्त रूप से माघ और आषाढ़ माह में। नवरात्रि में नौ दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा की जाती है।

१ शैलपुत्री - शिव शंकर की प्रिय भवानी का रूप है। इनको उमा और पार्वती के नाम से भी जाना जाता है। बैल की सवारी करती हैं।

२ ब्रह्मचारिणी- ब्रह्मा जी के मन भाती हैं। इनको गायत्री वेद की जननी भी माना जाता है।

३ चंद्रघंटा - ये शुभ नाम, मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाली, क्रोध को शांत कर मन को शीतलता प्रदान करती है। बुधवार को पूजा करने से सभी मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं। इनका स्थान कांचीपुर माना जाता है।

४ कुष्मांडा- इनको कई नामों से जाना जाता है। जैसे पिंगला, ज्वालामुखी, शकुम्भरी देवी आदि। इनका स्थान भीमा पर्वत माना जाता है।ये सबके भंडारे भर कर, कष्ट मिटाने वाली होती हैं।

५ स्कंध माता- सबके मन की बात को जानने वाली, जगदम्बे मां भोली सबको सुख देने वाली होती है। इन्होंने तो इंद्र आदि देवताओं की भी सहायता की थी।

६ कात्यायनी- ये मां योगेश्वरी के नाम से विख्यात हैं। इनका मूल स्थान बैजनाथ माना जाता है। इनके नाम जपने मात्र से इंसान के मोह माया के भ्रम टूटने लगते हैं। इनकी पूजा बृहस्पतिवार को शुभ मानी जाती है।



७ कालरात्रि महामाया- ये मां काल से बचाने वाली और सबको सुखी बनाती है। ये मां रक्त-दंता और अन्नपूर्णा के नाम से भी विख्यात हैं। जो भी इनका नाम सच्चे मन से जपता है।उनको कोई चिंता भी नही सताती है।

८ महागौरी जगजाया- इनको उमा देवी के नाम से भी जाना जाता है। हरिद्वार कनखल के पास इनका निवास स्थान माना जाता है। महाकाली दुर्गा इन्ही का स्वरूप हैं। इन्होंने ही अपने सत को सती बन कर जलाया था। शनिवार को इनकी पूजा करने मात्र से बिगड़े काम बन जाते हैं।

९ सिद्धि दात्री- ये मां सिद्धि प्रदान करने वाली होती हैं। इनके नाम मात्र से ही मन की शुद्धि हो जाती है। रविवार के दिन इनकी पूजा करने से कोई काम अधूरा नही रहता।

इस प्रकार क्रम से सभी देवियों की नौ दिन रात पूजा कर उन्हे प्रसन्न कर जीवन में सुख, समृद्धि, शुभ प्राप्ति की कामना की जाती है।

ममता सेठी भामरी मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जिले मेरठ से हैं। एक शिक्षक होने के नाते वह अबकस और वैदिक गणित पढ़ाती हैं। वह Cuemath की बिजनेस पार्टनर भी हैं। लिखने का शौक होने के कारण कविता, गजल,लघु कहानियां और संस्मरण आदि लिखती रहती हैं और एक सामाजिक संस्था *मिशन शिक्षण संवाद* से भी जुड़ी हैं।



# पितृ पक्ष का महत्व

## लेखिका - श्रीमती अर्चना मेहरोत्रा, लखनऊ

सनातन धर्म मे जन्म से लेकर मृत्यु तक १६ संस्कार व विभिन्न कर्म काण्डों के अन्तर्गत प्रति वर्ष भाद्रपद पूर्णिमा से लेकर अश्विनी अमावस्या तक पितृों को प्रसन्न करने के लिये १६ दिन का पितृ पक्ष पर्व मनाया जाता है।पितृ पक्ष में जल दान देने से ही तीन पीड़ी पिता की और तीन पीड़ी माता की प्रसन्न होने पर आशीर्वाद देते हैं। उनको विशेष प्रसन्न करने के लिये पितृ गायत्री की एक माला करनी चाहिये।गायत्री इस प्रकार है ।

ओम् देवतभ्यश्च पितृभ्यश्च महायोगिभ्य: एव च। नम: क्वाहायै क्वधायै निय मेव नमो नम:।

इस काल में जल दान द्वारा तर्पण, पिण्ड दान, ब्राह्मण व गरीबों को भोजन कराने से पितृ प्रसन्न होते है। किसी भी रूप मे पितृ पधार सकते हैं - पशु, पक्षी या मनुष्य। इसलिये द्वार पर आये किसी को भी खाली नहीं लौटाना चाहिये। पितृ गण अधिकांश कौये के रूप में अधिक विचरण करते है। अत: कौओ को जरूर खिलाना चाहिये।

इस काल में मॉस, मदिरा, लहसुन प्याज बर्जित है। ब्रह्मचर्य पालन जरूरी है नही तो पितृ नाराज होकर श्राप भी देते है ।गया,प्रयाग,बद्रीनाथ मे तर्पण करने से पितृदोष शान्त होकर देव दोष भी शान्त हो जाता है ।घर मे खुली जगह पर आचार्य द्वारा या समयाभाव में स्वयं कर सकते है। स्त्री पुरुष कोई भी कर सकता है कुछ नियमों के आधार पर।



तर्पण का जल कच्चा दूध, काला तिल, तुलसी दल, चंदन, सफेद फूल, शुद्ध जल मे डाल कर बनाया जाता है। पूजन की सामग्री मे तॉबे, पीतल की थाली (स्टील या लोहा नही होना चाहिये),एक लोटा, कुश, जौ, एक मिट्टी का दीपक, धूप, अगरबत्ती, शुद्ध चन्दन, तुलसी दल, कुश, कुश का आसन, जनेऊ, अंगोछा, दूध, कुश की पवित्री, अधिकांश सफेद फूल, पत्तल भोग, श्रद्धानुसार पूजन के बाद चढे हुये सामान को कम

से कम ८ घंटे वही पर छोड दिया जाता है । इसके बाद उस भोग व सामान के ५ हिस्से करके पहला भाग पत्ते पर रख कर गाय को दिया जाता है। दूसरा पत्ते पर रख कर कुत्ते के लिये, तीसरा पत्ते पर रख कर देवताओं के लिये पीपल के नीचे या छत पर रख दिया जाता है। चौथा कौये के लिय भूमि पर और पॉचवां भाग भूमि पर चींटी के लिये दे दिया जाता है ।

पूजन केउपरान्त पंडित सहित श्रद्धा  से ब्रह्म भोज यथाशक्ति ब्राह्मणों या गरीब लोगों को करवा कर दक्षिणा देकर विदा करके अनुष्ठा का समापन किया जाताहै।

MsI Archana Mehrotra resides in Lucknow and enjoys doing yoga, exploring new places, gardening, listening to music and watching movies



# वृंदावन धाम

## लेखिका - श्रीमती राशि अरोड़ा, आगरा

वृन्दावन (Vrindavan) भारत के उत्तर प्रदेश राज्य के मथुरा ज़िले में स्थित एक महत्वपूर्ण धार्मिक व ऐतिहासिक नगर है। वृन्दावन भगवान श्रीकृष्ण की लीला से जुडा हुआ है। यह स्थान श्री कृष्ण भगवान के बाल लीलाओं का स्थान माना जाता है। यह मथुरा से १५ किमी कि दूरी पर है। यहाँ पर श्री कृष्ण और राधा रानी के मन्दिरों की विशाल संख्या है। यहाँ स्थित बांके विहारी जी का मंदिर, श्री गरुड़ गोविंद जी का मंदिर व राधावल्लभ लाल जी का मंदिर प्राचीन है। इसके अतिरिक्त यहाँ श्री राधारमण, श्री राधा दामोदर, राधा श्याम सुंदर, गोपीनाथ, गोकुलेश, श्री कृष्ण बलराम मन्दिर, पागलबाबा का मंदिर, रंगनाथ जी का मंदिर, प्रेम मंदिर, श्री कृष्ण प्रणामी मन्दिर, अक्षय पात्र, निधि वन आदि दर्शनीय स्थान है।

यह कृष्ण की लीला स्थली है। हरिवंश पुराण, श्रीमद्भागवत, विष्णु पुराण आदि में वृन्दावन की महिमा का वर्णन किया गया है। कालिदास ने इसका उल्लेख रघुवंश में इंदुमती-स्वयंवर के प्रसंग में शूरसेनाधिपति सुषेण का परिचय देते हुए किया है इससे कालिदास के समय में वृन्दावन के मनोहारी उद्यानों की स्थिति का ज्ञान होता है।

श्रीमद्भागवत के अनुसार गोकुल से कंस के अत्याचार से बचने के लिए नंद जी कुटुंबियों और सजातीयों के साथ वृन्दावन निवास के लिए आये थे। विष्णु पुराण में इसी प्रसंग का उल्लेख है। विष्णुपुराण में अन्यत्र वृन्दावन में कृष्ण की लीलाओं का वर्णन भी है।

## प्राचीन वृन्दावन संपादित करें

कहते है कि वर्तमान वृन्दावन असली या प्राचीन वृन्दावन नहीं है। श्रीमद्भागवत के वर्णन तथा अन्य उल्लेखों से जान पड़ता है कि प्राचीन वृन्दावन गोवर्धन के निकट था। गोवर्धन-धारण की प्रसिद्ध कथा की स्थली वृन्दावन पारसौली (परम रास स्थली) के निकट था। अष्टछाप कवि महाकवि सूरदास इसी ग्राम में दीर्घकाल तक रहे थे। सूरदास जी ने वृन्दावन रज की महिमा के वशीभूत होकर गाया है।

## ब्रज का हृदयसंपादित करें

वृन्दावन का नाम आते ही मन पुलकित हो उठता है। योगेश्वर श्री कृष्ण की मनभावन मूर्ति आँखों के सामने आ जाती है। उनकी दिव्य आलौकिक लीलाओं की कल्पना से ही मन भक्ति और श्रद्धा से नतमस्तक हो जाता है। वृन्दावन को ब्रज का हृदय कहते है जहाँ श्री राधाकृष्ण ने अपनी दिव्य लीलाएँ की हैं। इस पावन भूमि को पृथ्वी का अति

उत्तम तथा परम गुप्त भाग कहा गया है। पद्म पुराण में इसे भगवान का साक्षात शरीर, पूर्ण ब्रह्म से सम्पर्क का स्थान तथा सुख का आश्रय बताया गया है। इसी कारण से यह अनादि काल से भक्तों की श्रद्धा का केन्द्र बना हुआ है। चैतन्य महाप्रभु, स्वामी हरिदास, श्री हितहरिवंश, महाप्रभु वल्लभाचार्य आदि अनेक गोस्वामी भक्तों ने इसके वैभव को सजाने और संसार को अनश्वर सम्पति के रूप में प्रस्तुत करने में जीवन लगाया है। यहाँ आनन्दप्रद युगलकिशोर श्रीकृष्ण एवं श्रीराधा की अद्भुत नित्य विहार लीला होती रहती है।



महाप्रभु चैतन्य का प्रवास संपादित करें

15वीं शती में चैतन्य महाप्रभु ने अपनी ब्रज यात्रा के समय वृन्दावन तथा कृष्ण कथा से संबंधित अन्य स्थानों को अपने अंतर्ज्ञान द्वारा पहचाना था। रासस्थली, वंशीवट से युक्त वृन्दावन सघन वनों में लुप्त हो गया था। कुछ वर्षों के पश्चात शाण्डिल्य एवं भागुरी ऋषि आदि की सहायता से श्री वज्रनाभ महाराज ने कहीं श्रीमन्दिर, कहीं सरोवर, कहीं कुण्ड आदि की स्थापनाकर लीला-स्थलियों का प्रकाश किया। किन्तु लगभग साढ़े चार हज़ार वर्षों के बाद ये सारी लीला-स्थलियाँ पुन: लुप्त हो गईं, महाप्रभु चैतन्य ने तथा श्री रूप-सनातन आदि अपने परिकारों के द्वारा लुप्त श्रीवृन्दावन और ब्रजमंडल की लीला-स्थलियों को पुन: प्रकाशित किया। श्री चैतन्य महाप्रभु के पश्चात उन्हीं की विशेष आज्ञा से श्री लोकनाथ और श्री भूगर्भ गोस्वामी, श्री सनातन गोस्वामी, श्री रूप गोस्वामी, श्री गोपालभट्ट गोस्वामी, श्री रघुनाथ भट्ट गोस्वामी, श्री रघुनाथदास गोस्वामी, श्री जीव गोस्वामी आदि गौड़ीय वैष्णवाचार्यों ने विभिन्न शास्त्रों की सहायता से, अपने अथक परिश्रम द्वारा ब्रज की लीला-स्थलियों को प्रकाशित किया है। उनके इस महान कार्य के लिए सारा विश्व, विशेषत: वैष्णव जगत उनका चिरऋणी रहेगा। वर्तमान वृन्दावन में प्राचीनतम मंदिर राजा मानसिंह का बनवाया हुआ

है। यह मुग़ल सम्राट अकबर के शासनकाल में बना था। मूलत: यह मंदिर सात मंजिलों का था। ऊपर के दो खंड औरंगज़ेब ने तुड़वा दिए थे। कहा जाता है कि इस मंदिर के सर्वोच्च शिखर पर जलने वाले दीप मथुरा से दिखाई पड़ते थे। यहाँ का विशालतम मंदिर रंगजी के नाम से प्रसिद्ध है। यह दाक्षिणात्य शैली में बना हुआ है। इसके गोपुर बड़े विशाल एवं भव्य हैं। यह मंदिर दक्षिण भारत के श्रीरंगम के मंदिर की अनुकृति जान पड़ता है। वृन्दावन के दर्शनीय स्थल हैं- निधिवन (हरिदास का निवास कुंज), कालियादह, सेवाकुंज आदि।

वृन्दावन की प्राकृतिक छटा देखने योग्य है। यमुना जी ने इसको तीन ओर से घेरे रखा है। यहाँ के सघन कुंजों में भाँति-भाँति के पुष्पों से शोभित लता तथा ऊँचे-ऊँचे घने वृक्ष



मन में उल्लास भरते हैं। बसंत ऋतु के आगमन पर यहाँ की छटा और सावन-भादों की हरियाली आँखों को शीतलता प्रदान करती है, वह श्रीराधा-माधव के प्रतिबिम्बों के दर्शनों का ही प्रतिफल है।

